AISECT विश्वविद्यालय हज़ारीबाग का सर्वश्रेष्ठ निजी विश्वविद्यालय के रूप में सम्मानित

चर्चा में क्यों?

- हाल ही में एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) द्वारा ऑनलाइन एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड्स, 2022 की घोषणा की गई, जिसमें झारखंड के हज़ारीबाग के आइसेक्ट विश्वविद्यालय को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय के लिये चुना गया।

प्रमुख बिंदु

- एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) द्वारा ऑनलाइन एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड्स, 2022 कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।
- कार्यक्रम में कोरोना काल में दूरस्थ क्षेत्रों में ऑनलाइन शिक्षा उपलब्ध कराने में आने वाली कठिनाइयों तथा वैकल्पिक माध्यमों से इसे सफल बनाने के पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।
- ऑनलाइन कार्यक्रम में आइसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. मुनीश गोविंद ने कहा कि आइसेक्ट विश्वविद्यालय का उद्देश्य तकनीकी कौशल, पारंपरिक ज्ञान, मूल्यों आदि का विकास कर छात्रों को आधुनिक वातावरण के लिये तैयार करना है।
- उल्लेखनीय है कि ऑल इंडियन सोसाइटी फॉर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कंप्यूटर टेक्नोलॉजी **(AISECT),** अपनी मातृभाषा में ग्रामीण जन में कंप्यूटर साक्षरता और प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण के प्रसार की एक नई अवधारणा के साथ स्थापित किया गया था।
- यह वर्तमान में बीस हज़ार से अधिक केंद्रों के साथ आईसीटी सक्षम सेवाओं का अग्रणी राष्ट्रीय नेटवर्क है। इसमें भारत के 28 राज्य और 3 केंद्रशासित प्रदेश शामिल हैं।
- **AISECT** द्वारा इसके लिये तीन विश्वविद्यालय स्थापित किये गए हैं- डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़), **AISECT** विश्वविद्यालय, पटना (बिहार) तथा **AISECT** विश्वविद्यालय, हजारीबाग (झारखंड)।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/aisect-university-awarded-as-best-private-university-of-hazaribagh